{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 02 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण 02 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 248
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

PMG हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 74,267.34 |
| निफ्टी | - | 23,382.60 |
| सोना | - | 1,56,220 |
| चांदी | - | 2,80,000 |
| डॉलर | - | 95.20 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

### कमर्शियल गैस सिलेंडर में इस साल लगातार 7वीं बार इजाफा हुआ, 5 किलो के एलपीजी में भी इजाफा

# 6 माह में 97 प्रतिशत महंगा हुआ 19 किलो का सिलेंडर

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट की टेंशन और होमुर्ज स्ट्रेट बंद होने की वजह से लगातार फ्यूल और एलपीजी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि 19 किलो के सिलेंडर के दाम में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मौजूदा साल में लगातार 7वीं बार इजाफा देखने को मिला है। खास बात तो ये है कि 19 किलो के सिलेंडर के दाम में 6 महीने में 97 फीसदी महंगा हो चुका है।

खास बात तो ये है कि मई के महीने में 993 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिली थी। जिसकी वजह से 19 किलो के एलपीजी के दाम 3000 रुपए के लेवल को पार कर गए थे। वहीं दूसरी ओर छोटू सिलेंडर के दाम में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है, जोकि मिडिल क्लास को एक बड़ी राहत है।



## लगातार 7वीं बार बढ़ोतरी

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर यानी 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर के दाम में देश की राजधानी दिल्ली में 6 महीनों में लगातार 7वीं बार इजाफा देखने को मिला है। आंकड़ों को देखें तो जून के महीने में 19 किलोग्राम के सिलेंडर के दाम में दिल्ली में 42 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जिसके बाद दाम 3,113.50 रुपए हो गए हैं। जबकि कोलकाता में 19 किलो के एलपीजी के दाम में 53.50 रुपए की बढ़ोतरी देखी गई थी। जिसके बाद यहां पर कीमतें 3,255.50 रुपए प्रति गैस सिलेंडर हो गई है। खास बात तो ये है कि दिल्ली में इन 6 महीनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 1,533 रुपए यानी 97 फीसदी का इजाफा देखने को मिल चुका है। जोकि इससे पहले कभी नहीं देखा गया है।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं

एएनआई के एक्स पर किए पोस्ट के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर होल्डर्स को बड़ी राहत मिली है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जिसकी वजह से देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू एलपीजी की कीमत 913 रुपए, कोलकाता में 939 रुपए, मुंबई में 912.50 रुपए और चेन्नई में 928.50 रुपए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में आखिरी बार 7 मार्च को बदलाव किया गया था। तब देश में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए का इजाफा हुआ था।

## छोटू सिलेंडर भी हुआ महंगा

वहीं दूसरी ओर छोटू सिलेंडर यानी 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। एएनआई के एक्स पर किए पोस्ट के अनुसार दिल्ली में छोटू सिलेंडर के दाम में 11 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। जिसके बाद यहां पर छोटू सिलेंडर की कीमत यानी फ्री ट्रेड एलपीजी के दाम 821.50 रुपए हो गए हैं। ये कीमतें 1 जून यानी आज से लागू हो गई हैं।

## खास खबर

### सीजेपी के संस्थापक 6 को आएंगे भारत

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके 6 जून को भारत लौटेंगे। इसके बाद वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में वे शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे। दिपके ने इसकी जानकारी अपने एक्स अकाउंट 'कॉकरोच इज बैक' पर दी है। कॉकरोच जनता पार्टी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद सामने आया। सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। 30 साल के अभिजीत दिपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल वो अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं।


### गूगल को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सर्च इंजन दिग्गज गूगल को विज्ञापन प्रणाली में एक अहम फैसले के तहत बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि गूगल अपने विज्ञापन प्लेटफॉर्म पर किसी एक कंपनी के पंजीकृत ट्रेडमार्क का इस्तेमाल किसी दूसरी प्रतिस्पर्धी कंपनी के विज्ञापनों को बढ़ावा देने के लिए नहीं कर सकता है। इस ऐतिहासिक फैसले से मशहूर सैनिटरीवेयर कंपनी हिंदवेयर को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने ट्रेडमार्क के दुरुपयोग मामले में गूगल पर 30 लाख रुपये का भारी जुर्माना भी लगाया है। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि विज्ञापनों के मामले में गूगल की भूमिका केवल एक मध्यस्थ या प्लेटफॉर्म प्रदान करने तक सीमित नहीं है। गूगल विज्ञापनदाताओं को कीवर्ड सुझाने और विज्ञापनों की रैंकिंग तय करने में सक्रिय भूमिका निभाता है। अदालत ने कहा कि यदि कोई कंपनी किसी अन्य कंपनी के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क को की-वर्ड के रूप में खरीदती है ताकि सर्च इंजन में उसके विज्ञापन सबसे ऊपर दिखें, तो यह ट्रेडमार्क अधिनियम की धारा 29 (6) का उल्लंघन है।

### जेईई एडवांस में बिहार के शुभम टॉपर

कोटा। जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम यानी जेईई-एडवांस का रिजल्ट रविवार देर रात जारी हुआ। इसमें बिहार के शुभम कुमार टॉपर रहे। दूसरे नंबर पर दिल्ली के कबीर छिल्लर और तीसरे नंबर पर झुंझुनूं (राजस्थान) के जतिन चाहर रहे। टॉप-10 में रहे 6 स्टूडेंट्स ने राजस्थान के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की। एजुकेशन एक्सपर्ट के मुताबिक परीक्षा में बैठने वाले कैंडिडेट्स में 31.65 प्रतिशत पास हुए। जेईई एडवांस में 1 लाख 79 हजार 694 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

## कुछ ना कहना




# 27 राज्यसभा सीटों और विधान परिषद चुनावों की अधिसूचना जारी

### -18 जून को होगा मतदान, उसी दिन शाम को मतगणना

### -नामांकन की अंतिम तिथि 8 जून

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने 27 राज्यसभा सीटों तथा तीन राज्यों की विधान परिषद सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभी सीटों के लिए मतदान 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा, जबकि मतगणना उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू की जाएगी।

निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन प्रक्रिया 1 जून से शुरू हो चुकी है। उम्मीदवार 8 जून तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को होगी, जबकि उम्मीदवार 11 जून तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार मतदान 18 जून सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और इसी दिन शाम बजे से मतगणना की जाएगी। आयोग के अनुसार, 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव कराए जाएंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उड़ीसा में राज्यसभा की रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। वहीं, बिहार में विधान परिषद की नौ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। इसके अलावा कर्नाटक में चार राज्यसभा और सात विधान परिषद सीटों पर भी मतदान होगा।

कर्नाटक में राज्यसभा की जिन चार सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उनमें भाजपा के इराना कडाड़ी और नारायण कोरगाप्पा, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे तथा जद(एस) के एचडी देवगोड़ा का कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है। इसी तरह कर्नाटक विधान परिषद के सात सदस्यों का कार्यकाल 30 जून को पूरा हो रहा है, जिसके चलते इन सीटों पर भी चुनाव कराए जा रहे हैं।

# झूठे मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

### पॉक्सो एक्ट का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शादी और दूसरे व्यक्तिगत विवाद के मामले में यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दायर किए जा रहे झूठे और निराधार मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि आपराधिक कानून का ऐसा दुरुपयोग निर्दोष लोगों को बहुत कष्ट पहुंचाता है और न्याय की व्यवस्था पर बोझ भी डालता है। एक फैसले में कोर्ट ने पाया कि विवाह से जुड़े विवादों में पीओसीएसओ अधिनियम के तहत पति, विशेषकर बेटियों के पिता के खिलाफ आरोप लगाए जाने की संख्या बढ़ रही है।

सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, ऐसी



शिकायतों का इस्तेमाल कभी-कभी वैवाहिक मुकदमों में फायदा लेने से ज्यादा आर्थिक मुआवजा हासिल करने के लिए किया जाता है। कई मामलों में तो विरोधी पक्ष को परेशान करने की भी मंशा होती है।

### 10 से ज्यादा मामले कोर्ट ने किए रद्द

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पीओसीएसओ अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के रेप प्रावधानों के तहत पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दायर 10 से ज्यादा आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं। पत्नी की शिकायत पर दायर किए गए मामलों में से एक में आरोप लगाया गया था कि उसकी 14 साल की बेटी का उसके पति और देवर ने रेप किया। पति के परिवार के दूसरे सदस्यों ने उसके साथ मारपीट की। कोर्ट ने इन मामलों को निराधार, मनगढ़ंत और भ्रामक पाया है। इसे खारिज करते हुए कोर्ट ने वैवाहिक मुकदमों में यौन उत्पीड़न के आरोप जोड़ने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जाहिर की।

### राहुल गांधी के खिलाफ याचिका पर फैसला सुरक्षित

वाराणसी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका पर वाराणसी की एमपी-एमएलए अदालत ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सोमवार को मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुर्वेद विक्रम सिंह की अदालत में हुई।

दरअसल याचिकाकर्ता अधिवक्ता हरीशंकर पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा के दौरान एक शैक्षणिक कार्यक्रम में भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# फर्जी हस्ताक्षर मामले में टीएमसी का बड़ा एक्शन, दो विधायक निलंबित

### निलंबित विधायक ने अभिषेक बनर्जी पर लगाए गंभीर आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने नेता प्रतिपक्ष के चुनाव से संबंधित प्रस्ताव में फर्जी हस्ताक्षरों के मामले में अपने दो विधायकों, ऋतोब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निलंबित किया है। यह फैसला प्रस्ताव में गड़बड़ी मिलने के बाद लिया गया है। बनर्जी उलुबेरिया पूर्व से और साहा एंटाली से टीएमसी के विधायक हैं। इस कार्रवाई के बाद साहा ने पार्टी के भीतर हुई कथित गड़बड़ियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की बैठक में मौजूदगी नहीं थी, उनके हस्ताक्षर प्रस्ताव में शामिल किए गए थे। उनके अनुसार, यह एक बड़ी गलती है और इस मामले की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इतना ही नहीं निलंबित विधायक साहा ने पूरे विवाद में पार्टी के महासचिव और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी का नाम घसीटते हुए कहा कि विधायकों की सूची पर उनके हस्ताक्षर थे, जिसमें कई गलतियां थीं। साहा ने कहा कि सूची की जांच और सत्यापन की जिम्मेदारी अभिषेक बनर्जी की थी, जिसमें वे सफल नहीं रहे। इस बीच, सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया था कि टीएमसी विधायक साहा और ऋतोब्रत बनर्जी ने विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत की थी कि नेता प्रतिपक्ष के चुनाव से संबंधित टीएमसी के प्रस्ताव में कई अनियमितताएं और गड़बड़ियां थीं। मौजूदा वक्त में बंगाल की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। हाल ही में अभिषेक बनर्जी पर हमले के ठीक एक दिन बाद टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी पर भी हमला हुआ था।

### सुमन कल्याणपुर के निधन पर राष्ट्रपति ने जताया शोक

नई दिल्ली,। भारतीय संगीत जगत की प्रख्यात पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि सुमन कल्याणपुर का निधन भारतीय कला और संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने संदेश में कहा कि सुमन कल्याणपुर ने अपने मधुर और भावपूर्ण गायन से भारतीय संगीत को समृद्ध किया। उन्होंने हिंदी, मराठी सहित अनेक भारतीय भाषाओं में गीत गाकर श्रोताओं के दिलों में विशेष स्थान बनाया।

### री-इवैल्यूएशन फीस पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा

# सीबीएसई के जेबकतरों से सावधान, उनकी गलती की कीमत छात्र चुका रहे

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सीबीएसई की आंसरशीट जांच और री-इवैल्यूएशन प्रोसेस को लेकर केंद्र सरकार और बोर्ड पर सवाल खड़े किए। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा कि छात्रों को अपनी ही कॉपी की सही जांच कराने के लिए अतिरिक्त पैसे देने पड़ रहे हैं। अगर सीबीएसई की गलती से किसी छात्र के नंबर गलत आ जाते हैं तो उसका बोझ छात्रों और उनके परिवारों पर क्यों डाला जाता है।



उन्होंने लिखा कि डिजिटल स्कैन कॉपी पाने के लिए 100 प्रति विषय, री-टोटलिंग के लिए 100 प्रति पेपर और री-इवैल्यूएशन के लिए 25 प्रति सवाल शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही आंसर सीट की सही जांच के लिए एक छात्र को 2000 तक खर्च करने पड़ सकते हैं। जब करीब चार लाख छात्रों ने ऐसे आवेदन दिए हैं, तब यह सवाल उठता है कि सीबीएसई इस प्रक्रिया से कितनी कमाई कर रहा है।

### गलत मार्किंग की संभावना बढ़ जातीं

राहुल ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए लिखा कि जब शिक्षा को सेवा की जगह कारोबार बना दिया जाता है, तब गलतियां सुधारी नहीं जातीं बल्कि बढ़ती जाती हैं। इसकी सबसे बड़ी कीमत बच्चों को अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य के रूप में चुकानी पड़ रही है।

# ममता के गढ़ और रसूखदार नेताओं को हराने वालों को मिली सुवेंदु कैबिनेट में जगह

कोलकाता। सोमवार को पश्चिम बंगाल की सियासत में एक नया और बेहद महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया, जब मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपनी कैबिनेट का पहला विस्तार किया। कोलकाता के राजभवन में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के 35 विधायकों ने मंत्री पद की गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल आर.एन. रवि ने सभी नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस विस्तार के साथ, सीएम सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गढ़ों को भेदने वाले अपने सबसे भरोसेमंद और आक्रामक चेहरों को सरकार की कमान सौंपी है, जो एक स्पष्ट संदेश है कि नई सरकार विकासोन्मुखी और मुखर रहेगी।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 164(1ए) के तहत, किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। इस संवैधानिक प्रावधान के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार को



35 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद, सुवेंदु कैबिनेट ने अब अपना महत्वपूर्ण आकार ले लिया है, जिसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ युवा और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों (एमओएस) को भी प्राथमिकता दी गई है, जिसमें राजेश महता, इंद्रनील खान और मालती रावा रॉय जैसे नाम शामिल हैं। सुवेंदु कैबिनेट विस्तार की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें उन चेहरों को पुरस्कृत किया गया है जिन्होंने हाल के चुनावों में ममता की तृणमूल कांग्रेस के बड़े किलों और रसूखदार नेताओं को भारी अंतर से परास्त किया था। अर्जुन सिंह, तापस रॉय, स्वपन दासगुप्ता, शंकर घोष और पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा जैसे कद्दावर नेताओं को कैबिनेट में जगह देकर मुख्यमंत्री सुवेंदु ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार आक्रामक और लोक-केंद्रित एजेंडा पर चलेगी। यह फेरबदल न केवल प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि भाजपा के जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने की रणनीति का भी हिस्सा है।

# पुलिस कस्टडी में मौत मामले में डॉक्टर समेत तीन दोषी करार

वाराणसी। वाराणसी की विशेष भ्रष्टाचार निवारण अदालत ने 29 वर्ष पुराने चर्चित पुलिस कस्टडी मौत मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दो सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और एक चिकित्सक को दोषी करार दिया है। अदालत ने सभी दोषियों को कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विशेष न्यायाधीश अमित कुमार तिवारी की अदालत ने सेवानिवृत्त दरोगा नरेंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम सिंह तथा पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉ. के.के. जैन को विभिन्न धाराओं में दोषी पाया। अदालत ने डॉ. जैन को पांच वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि तरूण ठाकरे पिता गणेश ठाकरे निवासी ग्राम वारा किरनापुर जिला बालाघाट द्वारा फ्लैमिंगो एजुकेशन एंड वैलफेयर सोसायटी किरनापुर के अध्यक्ष की हैसीयत से मेरे पक्षकार श्री मुकेश गोस्वामी पिता उम्मेद गिरी गोस्वामी, निवासी किरनापुर जिला बालाघाट के साथ ईगल माउन्टेशन इन्टरनेशनल स्कूल किरनापुर के लिए दिनाँक 19.11.2024 को भागीदारी का गठन किया गया है। यह भागीदारी आज भी अस्तित्व में है जिसका विघटन नहीं हुआ है और तरूण ठाकरे भागीदारी फर्म से रिटायर भी नहीं हुए हैं। भागीदारी में मेरे पक्षकार का 40 प्रतिशत अंश है और तरूण ठाकरे द्वारा भागीदारी विलेख की शर्तों का उल्लंघन करते हुए पिछले तीन वर्षों का मेरे पक्षकार को आय-व्यय का हिसाब नहीं दिया गया है और न ही लाभ की राशि अदा की है। भागीदारी विलेख की शर्त अनुसार तरूण ठाकरे भागीदारी अस्तित्व में रहते हुए मेरे पक्षकार की सहमति के बिना कोई मिलता जुलता व्यवसाय अर्थात् स्कूल का संचालन करने से विबंधित / वर्जित हैं। मेरे पक्षकार की सहमति और जानकारी के बिना तरूण ठाकरे द्वारा ईगल माउन्टेशन इन्टरनेशनल स्कूल किरनापुर के नाम से अपने भाई अरूण ठाकरे के भूमि बंधक पर 75 लाख रूपए का बंधक लोन लिया है और उस लोन की राशि का अपने भाई अरूण ठाकरे की भूमि पर स्कूल निर्माण के साथ साथ अपने निजी कार्यों के लिए भी उपयोग किया जा रहा है। मेरे पक्षकार की भागीदारी के अस्तित्व में रहते हुए तरूण ठाकरे को अन्य स्कूल संचालित करने का कानूनी अधिकार नहीं है। अतः सूचना हो कि कोई भी व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन के बाद तरूण ठाकरे के साथ फ्लैमिंगो एजुकेशन एंड वैलफेयर सोसायटी किरनापुर के अध्यक्ष की हैसीयत से या अन्यथा ईगल माउन्टेशन इन्टरनेशनल स्कूल किरनापुर के नाम से या किसी अन्य स्कूल के नाम से कोई भी भागीदारी निर्मित करने या अन्य कोई निकाय गठित करने या स्कूल संचालन के लिए कोई करार किसी भी रूप में करने से विरत रहें। यदि कोई भी व्यक्ति, इस सूचना के प्रकाशन के बाद भी ऐसा करता है तो ऐसा संव्यवहार / करार अवैधानिक और अनाधिकृत होकर मेरे पक्षकार के विरूद्ध बंधनकारी, प्रभावी और प्रवर्तनीय नहीं होगा और मेरे पक्षकार द्वारा कानूनी कार्यवाही में अभियोजित किया जाएगा।

**पल्लवी पडवार, अधिवक्ता**
**(बालाघाट 8358001368)**


# नीट री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी

## सुप्रीम कोर्ट बोला- एजेंसियां पहले से दबाव में हैं, अभी परीक्षा का तरीका बदलना संभव नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 21 जून को होने वाली नीट री-एग्जाम को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में कराने की मांग मानने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई में तय की है। इससे 21 जून को होने वाली परीक्षा फिलहाल पेन-पेपर मोड में ही होगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच आरएलडी सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता के वकील ने नीट की दोबारा परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में कराने की मांग की।

देशभर में 3 मई को नीट-जी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा। याचिका में 4 बड़े बदलावों की मांग की गई है। एनटीए की जगह एक स्वतंत्र वैधानिक राष्ट्रीय परीक्षा प्राधिकरण बनाया जाए। इसके साथ ही पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन समिति की सिफारिशें लागू की जाए। बायोमेट्रिक सत्यापन, एआई आधारित निगरानी, एन्क्रिप्टेड डिजिटल प्रश्नपत्र प्रणाली और प्रश्नपत्रों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने जैसे उपाय अपनाए जाए। नीट को पूरी तरह कंप्यूटर आधारित परीक्षा बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के ढांचे, साइबर सुरक्षा और डिजिटल परीक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की स्थिति रिपोर्ट अदालत में पेश की जाए। साथ ही परीक्षा परिणाम केंद्रवार सार्वजनिक करने का सुझाव दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता की पहचान की जा सके।

### संसदीय समिति में एनटीए की जगह नई संस्था का प्रस्ताव

इधर संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की स्थायी समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने की। इसमें नीट परीक्षा, एनटीए और पेन-पेपर बनाम सीबीटी मोड पर चर्चा हुई। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट ने समिति ने कहा कि नीट से जुड़े सवाल केवल परीक्षा के तरीके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा कराने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता से भी जुड़े हैं। संगठन ने एनटीए को भंग कर संसद के कानून के तहत नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग की। यूडीएफ ने यह भी कहा कि नीट-यूजी 2026 पेपर लीक की जांच को 2024 की परीक्षा से जुड़े विवादों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए। संगठन ने पूरे मामले की समयबद्ध और पारदर्शी जांच की मांग की।

## न्यूज गैलरी

### मानसिक रूप से अस्वस्थ वृद्धा का शव झाडियों में मिला- चार दिन से थी लापता छोटा बाई

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित बूढ़ी गंगानगर क्षेत्र में पीएम आवास के समीप झाड़ियों के बीच एक अज्ञात वृद्धा का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बाद में वृद्धा की पहचान छोटी बाई उपवंशी पति स्वर्गीय गंगाराम उपवंशी 71 वर्ष ग्राम आंवलाझरी थाना भरवेली के रूप में की गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटी बाई उपवंशी पिछले चार दिनों से अपने घर से लापता थीं। वह शारीरिक रूप से कमजोर होने



के साथ-साथ मानसिक रूप से भी अस्वस्थ बताई जा रही थीं। उनके परिवार में एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं, जिनका विवाह हो चुका है। पुत्र खेती-किसानी करता है तथा उसके भी दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं।परिजनों ने बताया कि छोटी बाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी और वह अक्सर घर से निकल जाया करती थीं। 28 मई की रात उन्होंने परिवार के साथ भोजन किया और सो गईं। लेकिन रात में जब परिजन उठे तब छोटी बाई अपने बिस्तर पर नहीं दिखी । परिजनों ने उनकी काफी तलाश किये, लेकिन उसका कोई पता नहीं मिलने पर भरवेली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।1 जून की दोपहर सूचना मिली कि बूढ़ी गंगानगर क्षेत्र में पीएम आवास के पास झाड़ियों से घिरे खुले स्थान पर एक महिला का शव पड़ा हुआ है। जिसे जानवरों द्वारा नोच लिया गया था। सूचना मिलते ही कोतवाली से सहायक उपनिरीक्षक सुनील पंचाले अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। इसी दौरान छोटी बाई के परिजन भी वहां पहुंच गए और उन्होंने कपड़े से शव की पहचान छोटी बाई उपवंशी के नाम से की।सहायक उपनिरीक्षक श्री पंचाले ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।प्राथमिक जांच में वृद्धा की मृत्यु शारीरिक दुर्बलता, मानसिक अस्वस्थता, भीषण गर्मी तथा भूख-प्यास के कारण होने की संभावना व्यक्त की गई है। सहायक उप निरीक्षक श्री पंचाले ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भटेरा ओवरब्रिज के लिए बनाए जा रहे डायवर्ट मार्ग की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान ने लगाए गंभीर आरोप, बोले- सड़क चौड़ी नहीं हुई तो जाम की स्थिति होगी निर्मित, नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ ने किया निरीक्षण, सेतु विभाग ने कहा- यह मार्ग केवल हल्के यातायात के लिए**

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए वार्ड क्रमांक-3 से बोदा पाड़न होते हुए बनाए जा रहे परिवर्तित मार्ग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड क्रमांक-3 के पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान ने सेतु विभाग और निर्माण एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। सोहेल खान का कहना है कि उनके वार्ड में जल निकासी व्यवस्था के लिए मंगवाए गए सीमेंट पाइपों में से लगभग पांच पाइप निर्माण एजेंसी द्वारा उपयोग कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक मार्ग का निर्माण भी मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है।मार्ग की चौड़ाई इतनी कम रखी गई है कि भविष्य में यातायात शुरू होने पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उनके अनुसार दो चारपहिया वाहन एक साथ मार्ग से नहीं गुजर पाएंगे और न ही आसानी से क्रॉसिंग कर सकेंगे। पार्षद प्रतिनिधि ने यह भी आरोप लगाया कि मार्ग के किनारे बनाई जा रही नालियां खुली छोड़ी जा रही हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में कई तकनीकी खामियां दिखाई दे रही हैं, लेकिन बार-बार शिकायत और जानकारी देने के बावजूद संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी ध्यान नहीं दे रही है।**



भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कार्य के दौरान यातायात संचालन के लिए बनाए जा रहे वैकल्पिक मार्ग को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। वार्ड क्रमांक 3 से गुजरने वाले इस परिवर्तित मार्ग की गुणवत्ता, चौड़ाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई है। पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान ने सेतु विभाग और निर्माण एजेंसी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि समय रहते मार्ग को व्यवस्थित नहीं किया गया तो ओवरब्रिज निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित होगी और क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान द्वारा सेतु विभाग पर गुणवत्ता युक्त कार्य नहीं किए जाने को लेकर सवाल उठाए गए थे। उनके आरोपों के बाद विभागीय अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा भी किया था। वहीं बालाघाट एसडीएम ने भी कुछ समय पहले निरीक्षण के दौरान माना था कि परिवर्तित मार्ग में अभी और कार्य किए जाने की आवश्यकता है। जानकारी के अनुसार भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण के दौरान रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात प्रभावित होने की स्थिति में भारी वाहनों सहित अन्य यातायात को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किए जाने की योजना है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में जिस मार्ग को तैयार किया जा रहा है, उसकी स्थिति भारी यातायात के अनुकूल नहीं है। पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3 में कई स्थानों पर नालियां अभी भी खुली हुई हैं। सड़क का पर्याप्त चौड़ीकरण नहीं किया गया है और स्थिति ऐसी है कि वर्तमान में दो बड़े वाहन आमने-सामने आने पर आसानी से क्रॉस तक नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जब इस मार्ग से भारी ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा तो निश्चित रूप से क्षेत्र में जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों से खुली नालियों को ढंकने, सड़क चौड़ी करने और मार्ग को यातायात के अनुरूप विकसित करने की मांग की थी, लेकिन निर्माण एजेंसी केवल औपचारिकता निभाते हुए कार्य कर रही है। उनका कहना है कि स्थानीय समस्याओं और जनसुविधाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। सोहेल खान ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने वार्ड में जल निकासी व्यवस्था के लिए सीमेंट के पांच पाइप रखवाए थे, जिनकी कीमत हजारों रुपये थी। आरोप है कि निर्माण कार्य कर रही एजेंसी द्वारा उन पाइपों का उपयोग कर लिया गया। उन्होंने कहा कि इस विषय की जानकारी भी विभागीय अधिकारियों को दी गई है और मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद 1 जून को नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए जल्द आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की बात कही गई है। पार्षद प्रतिनिधि का कहना है कि जब तक वार्ड क्रमांक 3 से गुजरने वाले इस वैकल्पिक मार्ग का चौड़ीकरण नहीं किया जाता, तब तक यहां से यातायात का सुचारू संचालन संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विभाग को अभी से छोटी-छोटी तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, ताकि भविष्य में नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अनावश्यक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है - अर्जुनसिंह

इस पूरे मामले में सेतु विभाग के एसडीओ अर्जुन सिंह सनोडिया ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पाइप किसी ठेकेदार अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा लिए गए हैं तो संबंधित व्यक्ति को इसकी शिकायत करनी चाहिए, क्योंकि उस मामले में विभाग सीधे तौर पर कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिस मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, वह भारी वाहनों के लिए नहीं बल्कि हल्के यातायात और सामान्य आवागमन को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल लोगों को अनावश्यक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। यदि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या सामने आती है तो उसका समाधान भी निकाला जाएगा।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करें सरकार, मुस्लिम समाज ने सौपा ज्ञापन

**मुस्लिम जागृति मंच ने गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की करी मांग**

**कहा- बीफ एक्सपोर्ट भी बंद करे सरकार, चमड़े से बनने वाले उत्पादों पर भी लगाए रोक**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** केवल सनातन धर्म ही नही बल्कि अब मुस्लिम धर्म के लोग भी पूरे देश मे गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग कर रहे है देश भर के मुस्लिमो द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग सरकार से की जा रही है जिसका एक नजारा सोमवार की शाम बालाघाट नगर में भी देखने को मिला, जहां मुस्लिम समाज के लोगो ने अपनी इस प्रमुख मांग को लेकर कलेक्टर मृणाल मीना से मुलाकात कर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौपा है मुस्लिम जागृति मंच के माध्यम से सौंपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के साथ साथ, पुरे देश मे गौ हत्या पर बैन लगाने, और देश भर के कत्लखानों में ताला जड़कर, विदेशों में किए जाने वाले बीफ एक्सपोर्ट को भी तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की है इतना ही नही मुस्लिम जागृति मंच द्वारा चमड़े से बनने वाले सभी उत्पादों पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई है उक्त मांग को लेकर सौंपे गए ज्ञापन के दौरान युनूस खान, रियाज अली, वकील साहब,अंसार अहमद खान, रशीद खान, रफी अंसारी, रहीम भाई, कादर फखरुद्दीन, शाहबाज खान, सोहेल खान, एजाज खान, सरफराज खान, इमरान कुरैशी, अनीस बेग वारासिवनी,अनीश मेंमन,सहित अन्य सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### गौहत्या को लेकर समाज के 2 हिस्सों में रहता है तनाव, लगाई जाए रोक

पीएम के नाम ,मुस्लिम समाज द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया कि आपने अनेकों नए-नए फैसलों से पिछले 12 सालों में देश को चौकाया है।वर्तमान समय में हमारे देश में अनेकों जगह गाय को लेकर मॉब लिंचिंग एवं अन्य लड़ाई झगड़ा यहां तक की हत्या के अनेकों प्रकरण समाचार पत्रों सहित न्यूज़ चैनल सहित मंजरे आम पर सर्व विदित है। जिससे समाज के दो हिस्सों में हमेशा तनाव बना रहता है। यह बात भी सही है कि इस मुल्क में मुस्लिम आबादी गौवंश का मांस भोजन के रूप में सेवन करती है इसके अलावा ईसाई समुदाय दलित समुदाय का एक बड़ा वर्ग, व पूर्वोत्तर के राज्य दक्षिण का केरल ,बंगाल एवं गोवा सहित अन्य प्रदेशों में भी भोजन के रूप में गौवंश का मांस इस्तेमाल किया जाता है और यह बात भी सत्य है की सनातन धर्म के मुताबिक गाय को इस देश में पूजा जाता है।अधिकतर लोग गाय को माता के नाम से भी पुकारते हैं ऐसी स्थिति में यह रोज-रोज के विवाद को देश के हित में खत्म किया जाना नितांत आवश्यक है। ताकि देश में शांति और सदभाव बना रहे।

### विदेशों में बीफ निर्यात पर भी लगाए रोक,चमड़े से उत्पादों पर भी लगे पूर्ण प्रतिबंध

ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख किया गया कि देश का संपूर्ण मुसलमान ये तय कर चुका है कि ना तो मुसलमान गाय का गोश्त खाएगा ना कुर्बानी देगा और ना ही भारत सरकार गौवंश की हत्या करें, ना विदेश में इसका मांस भेजकर मोटा मुनाफा कमाए। बल्कि गाय के खाल से बनने वाले प्रत्येक प्रोडक्ट पर भी प्रतिबंध लगा दे। जिससे हमारे सनातन धर्म को मानने वाले हिंदू भाइयों की आस्था को ठेस ना पहुंच सके।

### इसी सत्र में लाया जाए विधेयक, गौवंश हत्या पर बने कठोर कानून

मुस्लिम जागृति मंच की मांग है कि लोकसभा के वर्षाकालीन इसी सत्र में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए एक विधेयक लाकर कानून पारित करवाए।साथ ही कानून में गौवंश की हत्या चाहे कोई भी व्यक्ति करें मुस्लिम हो गैर मुस्लिम या संस्थान हो उसके लिए सजा का प्रावधान करें । गौवंश से बनने वाले जितने प्रोडक्ट हैं पैर में पहनने वाला जूता, कमर में लटकाने वाला बेल्ट, घड़ीयों के बेल्ट, महिलाओं के पर्स/ बेगस, कारखाने में लगने वाला गौवंश की हड्डियों का पाउडर/ प्रयोग आदि हर चीज पर प्रतिबंध कर देना चाहिए। ताकि हमारी गौ माता के चमड़े का भी इस्तेमाल पैर में पहन कर अपमान न कर सके।हमें पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री इसी सत्र में इस महत्वपूर्ण विधेयक को लाने का कष्ट सनातन धर्म के 80 प्रतिशत लोगों के सम्मान के लिए जरूर करेंगे।इसके पारित हो जाने से इस देश की 14 प्रतिशत मुसलमानों की आबादी आभारी रहेगी।

### देश में अमन चैन शांति के लिए यह बहुत जरूरी है

चर्चा के दौरान मो.यूनुस खान,उर्फ पप्पा भाई और अंसार अहमद उर्फ नन्हे भाई ने संयुक्त रूप से बताया कि आज हमने मुस्लिम समाज की तरफ से मुस्लिम जागृति मंच के माध्यम से सीएम और पीएम के नाम ज्ञापन सौपा है जिसमें गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है। क्योंकि गाय को देश में 80 प्रतिशत आबादी गौ माता के रूप में मानती है,वह उनके लिए पूजनीय है। हमारे देश में गौवंश को लेकर आए दिन दंगा फसाद होते रहते हैं उसमें मुस्लिम वर्ग अक्सर निशाने पर आता है, इसीलिए देश भर के मुसलमानों ने गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है। भारत सरकार से हमारी मांग है कि इसी वर्षाकालीन लोकसभा सत्र में संपूर्ण गौवंश हत्या पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, वही एक कठोर कानून बनना चाहिए ताकि गौवंश हत्या पूर्ण तरीके से रुक जाए इसके साथ ही देश से, विदेश में जो बीफ की सप्लाई की जा रही है वह भी तत्काल बंद की जाए, वहीं इसके चमड़े से बनने वाले सभी उत्पादों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए ताकि दोनों समाज के बीच कभी तनाव उत्पन्न ना हो और देश में अमन चैन शांति बनी रहे।

# एंबुलेंस कर्मी पर मरीज ने लगाया 400 रु लेने का आरोप

**जिला अस्पताल की जगह पहुचाया निजी अस्पताल**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रदेश शासन द्वारा मरीज के बेहतर उपचार के लिए चलाई जा रही निःशुल्क 108 जननी एक्सप्रेस योजना के तहत,एंबुलेंस चालक द्वारा मरीज से पैसे वसूलने का एक ताजा मामला सामने आया है जहां बैहर निवासी एक मरीज ने बैहर अस्पताल से संबंधित एंबुलेंस चालक पर जिला अस्पताल लाने के लिए 400 लेने का आरोप लगाया है। मरीज का आरोप है कि एंबुलेंस चालक ने बैहर से जिला अस्पताल लाते समय गांगुलपारा घाटी के पास वाहन रोककर परिवहन व्यवस्था के नाम पर हजार रुपए की मांग कि, नहीं देने पर रास्ते में वाहन से उतारने की धमकी दी गई, जहां 400रु वसूलने के बाद उसे बालाघाट लाकर जिला अस्पताल पहुंचाने की जगह निजी अस्पताल पहुंचा दिया,जहां उपचार कराने में उसे अधिक खर्च आ गया।जिसकी लिखित शिकायत मरीज द्वारा बैहर बीएमओ से की गई है जहां मरीज से मिली इस लिखित शिकायत पर बैहर बीएमओ ने मामले की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देते हुए प्राप्त शिकायत जिला मुख्यालय पहुंचा दी गई है।जिसके आधार पर सीएचएमओ द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### 1000 रु मांगे, नही देने पर बीच रास्ते मे उतार दिया मरीज

एंबुलेंस कर्मी प्रियंका भार्षत पर एक मरीज ने चार सौ रुपये लेने के गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत मरीज ने बैहर बीएमओ डा. अनंत लिल्हारे से कर जांच की मांग की गई है। शिकायत में मरीज संतलाल मरकाम वार्ड नंबर 14 पुराना बैहर बारापत्थर तहसील बैहर निवासी ने बताया कि वह किसी दुर्घटना में घायल हो गया है। जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आई है। 10 मई को वह सिविल अस्पताल बैहर में इलाज करवाने गया था। वहां चिकित्सक ने इलाज के बाद जिला अस्पताल जाने की सलाह दी गई।इस बीच चलित वाहन 108 जननी एक्सप्रेस वाहन क्रमांक सीजी 04 एनसी 8089 से शासकीय जिला अस्पताल जाने के लिए बैठा था। इस बीच बैहर से बालाघाट के बीच गांगुलपारा घाटी के बंजारी के नीचे पहुंचते ही वहां पर प्रियंका भार्षत ने एंबुलेंस रूकवा दी और एंबुलेंस में कार्यरत कर्मचारी प्रियंका पिता प्रकाश भार्षत ने उससे वाहन किराया 1000 रुपये की मांग की गई। इस दौरान उसने कहा कि इतने पैसे नहीं है। जिससे सभी को एंबुलेंस



से नीचे उतार दिया। दुर्घटना के कारण वह चल फिर नहीं सकता था, इसके लिए उसने बड़े मुश्किल से चार सौ रुपये प्रियंका भार्षत को दिए, तब जाकर उसने वाहन में बैठने दिया और जिला मुख्यालय लेकर आया।

### जिला अस्पताल लाकर, उपचार के लिए पहुँचा दिया निजी अस्पताल

शिकायतकर्ता द्वारा की गई इस लिखित शिकायत में यह भी बताया गया कि,जिला अस्पताल पहुंचने के बाद उसने एक निजी अस्पताल की एंबुलेंस बुलवाकर मरीज को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाने की बजाय उस एंबुलेंस में बैठाकर निजी अस्पताल में भर्ती करवाने भिजवा दिया। ऐसे में मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और अधिक पैसे चुकाने पड़ गए। जिससे उसकी और आर्थिक हालत खराब हो गई। प्रियंका भार्षत पर आरोप है कि चार-पांच बार ऐसा मरीजों के साथ की है, लेकिन किसी ने लिखित शिकायत नहीं किए थे। अब एक मरीज ने हिम्मत दिखाकर शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### जिला स्तर से होंगी जाँच- लिल्हारे

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान बैहर अस्पताल बीएमओ डा. अनंत लिल्हारे ने बताया कि इस मामले की हमारे पास लिखित शिकायत आई थीं। जिसकी जांच करवाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट को प्रेषित कर दिए है। आगामी जांच वहीं से की जाएगी।

# थ्रेसर का कचरा घर में आने से मना किया तो पिता-पुत्रों ने महिला से की मारपीट- दी जान से मारने की धमकी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम रोशना में थ्रेसर मशीन से उड़ रहे कचरे और धूल को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी पिता-पुत्र ने 55 वर्षीय महिला को बेरहमी से मारपीट घायल कर दिये। आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। ग्रामीण पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनन्दा नगपुरे पति स्व. नंदकिशोर नगपुरे, उम्र 55 वर्ष घरेलू काम करती हैं। उनके घर के सामने ही दीनदयाल नगपुरे अपने परिवार के साथ रहते हैं। 1 जून को सुबह करीब 6:00 बजे दीनदयाल नगपुरे अपने आंगन में थ्रेसर मशीन से धान की मिसाई कर रहे थे। मशीन से निकल रहा कचरा और धूल सीधे अनन्दा के घर की तरफ जा रहा था। अनन्दा ने दीनदयाल से थ्रेसर मशीन दूसरी जगह लगाने को कहा। अनन्दा के इतना कहते ही दीनदयाल नगपुरे आगबबूला हो गया। वह अपने दो बेटे केमेश नगपुरे और योगेश नगपुरे के साथ अनन्दा के घर के सामने पहुंचा और अश्लील गालियां देने लगा। अनन्दा ने जब गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर उसके साथ हाथ-मुक्कों से बेरहमीपूर्वक मारपीट शुरू कर दी। पिटाई से अनन्दा आंगन में ही गिर गई और वह घायल हो गई। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि बीच-बचाव के बाद भी दीनदयाल और उसके बेटों ने अनन्दा को धमकाया कि दोबारा थ्रेसर चलाने से मना करने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी।घटना के बाद अनन्दा ने अपने बेटे हेमेंद्र नगपुरे को फोन कर बुलाया। बेटे के साथ वह ग्रामीण थाना पहुंची और पूरी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।ग्रामीण थाना पुलिस ने घायल अनन्दा का मेडिकल मुलाहिजा जिला अस्पताल में कराया। अनन्दा की शिकायत पर पुलिस ने दीनदयाल नगपुरे, केमेश नगपुरे और योगेश नगपुरे के खिलाफ अश्लील गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# क्या गुंडागर्दी ही अब नई राजनीति है?

पश्चिम बंगाल के सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी पर हुआ हमला बेहद परेशान करने वाला है। लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं हो सकती, फिर चाहे वह किसी भी नेता या दल के खिलाफ क्यों न हो। मतभेद अपनी जगह हैं, राजनीति अपनी जगह है, लेकिन जब बात मारपीट, कपड़े फाड़ने और जानलेवा हमलों तक पहुंच जाए, तो समझ लेना चाहिए कि हमारा समाज और हमारी राजनीति बहुत गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। किसी भी सभ्य समाज में ऐसी हरकतों को सही नहीं ठहराया जा सकता। बंगाल को हमेशा से एक बेहद खास राज्य माना गया है। यह रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की धरती है। इस मिट्टी से हमेशा ज्ञान, कला, संस्कृति और बड़े-बड़े विचारों की खुशबू आती रही है। बंगाल के लोग अपनी तेज बुद्धि और वैचारिक बहस के लिए जाने जाते हैं। लेकिन आज उसी बंगाल से जब रोज-रोज राजनीतिक हिंसा, मारपीट और बमबाजी की खबरें आती हैं, तो दिल दहल जाता है। ऐसा लगता है कि जैसे पुरानी पहचान कहीं खो गई है और उसकी जगह सिर्फ सत्ता की भूख ने ले ली है। आखिर ऐसा कैसे हो गया कि जिस धरती को देश का मार्गदर्शक होना चाहिए था, वह आज राजनीतिक रंजिश का अखाड़ा बन चुकी है? आज की राजनीति में एक अजीब सा बदलाव देखने को मिल रहा है। चुनाव आते-जाते रहते हैं, सत्ता बदलती रहती है, लेकिन आज ऐसा माहौल बन गया है कि जैसे हर कोई अपनी पुरानी निष्ठाएं बदलकर सत्ताधारी खेमे में शामिल होना चाहता है। दल-बदल और विचारधाराओं का यह खेल सिर्फ कुर्सी के लिए हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ, जब हम तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों का रवैया देखते हैं, तो गंभीर सवाल उठते हैं। एक राजनीतिक दल का काम जनता की सेवा करना और अपनी नीतियों से उनका दिल जीतना होता है। लेकिन जब कोई दल अपने विरोधियों को डराने-धमकाने लगे, हर बात का जवाब लाठी और पत्थरों से देने लगे, तो जनता के मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या यह कोई राजनीतिक संगठन है या फिर भय फैलाने वाला कोई गिरोह? लोकतंत्र में किसी को भी कानून हाथ में लेने का हक नहीं है।इस हमले के बाद हमेशा की तरह राजनीति भी शुरू हो गई है। टीएमसी इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रही है, वहीं विपक्ष इसे जनता का गुस्सा बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस और अन्य दलों के बड़े नेताओं ने भी इस घटना का विरोध किया है। सच तो यह है कि जब नेता और पार्टियां एक-दूसरे को सिर्फ राजनीतिक विरोधी न मानकर जानी दुश्मन समझने लगते हैं, तो ऐसी ही हिंसक तस्वीरें सामने आती हैं। नफरत की यह राजनीति हमारे देश के भविष्य के लिए एक बहुत ही खतरनाक मिसाल बन रही है। अगर आज बंगाल में इस तरह की हिंसा को सामान्य मान लिया गया, तो कल को पूरे देश में यही तरीका अपना लिया जाएगा। हमें यह समझना होगा कि लोकतंत्र की असली ताकत उसकी विविधता और शांतिपूर्ण चर्चाओं में है। लाठी-डंडों से किसी की आवाज को दबाया तो जा सकता है, लेकिन किसी का दिल नहीं जीता जा सकता। राजनीति का स्तर इतना नहीं गिरना चाहिए कि इंसानियत ही खत्म हो जाए। चाहे हमला करने वाले किसी भी दल के हों, उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी ही चाहिए ताकि कानून का डर बना रहे। सभी दल और आम जनता मिलकर इस बात पर विचार करें कि हम कैसा समाज बनाना चाहते हैं। राजनीति सिर्फ चुनाव जीतने और सत्ता हथियाने का जरिया नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका असली मकसद देश और समाज का भला करना होना चाहिए। लोकतंत्र तभी बचेगा जब हम एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करना सीखेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट की ऐतिहासिक डेडलाइन-तारीख पर तारीख नहीं चलेगी

वैश्विक स्तरपर भारत की न्यायिक व्यवस्था पर वर्षों से एक तंज बार-बार दोहराया जाता रहा है,तारीख पर तारीख। यह वाक्य केवल एक फिल्मी संवाद नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की उस पीड़ा का प्रतीक बन गया था जिसमें न्याय की उम्मीद अदालतों की लंबी प्रक्रियाओं में उलझकर दम तोड़ देती है।भारतीयलोकतंत्र में न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है। नागरिक जब कार्यपालिका और विधायिका से निराश होता है, तब उसकी अंतिम उम्मीद अदालतों पर टिकती है। यही कारण है कि न्यायपालिका की विश्वसनीयता केवल उसके निर्णयों से नहीं, बल्कि उसकी पारदर्शिता, समयबद्धता और उत्तरदायित्व से भी तय होती है। हाल के वर्षों में भारतीय न्याय व्यवस्था में लंबित मामलों की संख्या, सुरक्षित रखे गए निर्णयों में देरी और अदालतों द्वारा आदेशों को समय पर वेबसाइट पर अपलोड न करने जैसी समस्याएँ लगातार चर्चा का विषय बनी हुई थीं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि अब इसी मानसिकता और न्यायिक देरी की संस्कृति पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णायक प्रहार किया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अत्यंत गंभीर शब्दों में कहा कि जस्टिस डिलेयड इज जस्टिस डिनाइड का सिद्धांत केवल मुकदमों की सुनवाई में देरी तक सीमित नहीं है। यदि अदालत निर्णय सुरक्षित रखकर महीनों तक उसे सार्वजनिक नहीं करती, या आदेश सुनाए जाने के बाद भी उसकी प्रति उपलब्ध नहीं कराई जाती, तो यह भी न्याय में देरी के समान है।सुप्रीम कोर्ट ने क्रिमिनल रिट पिटीशन 169/2025 में 29 मई 2026 को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किसी भी मामले में फैसला सुरक्षित रखने के बाद उसे अधिकतम तीन महीने के भीतर सुनाना अनिवार्य होगा।यदि ऐसा नहीं होता है, तो संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को वह मामला मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखना होगा। यह निर्देश केवल प्रशासनिक आदेश नहीं,बल्कि भारतीय न्यायपालिका में जवाबदेही, पारदर्शिता और समयबद्ध न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक सटीक रूप से न्यायिक क्रांति माना जा रहा है। साथियों, यह फैसला उस समय आया जब सुप्रीम कोर्ट पीला पाहन बनाम झारखंड राज्य मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया कि झारखंड हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में फैसला सुनाने के बावजूद उसे न तो वेबसाइट पर अपलोड किया और न ही संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराया।इस मामले ने न्यायिक देरी और प्रक्रियात्मक अपारदर्शिता की गंभीर समस्या को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया।यह मामला केवल एक तकनीकी त्रुटि या प्रशासनिक लापरवाही का प्रश्न नहीं था, बल्कि न्याय के मूल सिद्धांतों से जुड़ा संवैधानिक प्रश्न बन चुका था। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा राहत मिल चुकी है, लेकिन आदेश उपलब्ध ही नहीं कराया गया, तो वह राहत व्यवहारिक रूप से निरर्थक हो जाती है। विशेष रूप से तब जब मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता, जमानत या आपराधिक सजा से जुड़ा हो। यही कारण था कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस मुद्दे को अत्यंत गंभीरता से लिया और न्यायपालिका के भीतर मौजूद उस संरचनात्मक समस्या पर चोट की, जिसके कारण हजारों मामलों में फैसले महीनों और वर्षों तक सुरक्षित रखे जाते रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश और एक जस्टिस की पीठ ने स्पष्ट किया कि न्याय में अनावश्यक देरी संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। अनुच्छेद 21 केवल जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा नहीं करता, बल्कि समय पर न्याय प्राप्त करने के अधिकार को भी संरक्षित करता है। अदालत ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति वर्षों तक जेल में बंद रहे और उसकी अपील पर फैसला सुरक्षित रखने के बाद लंबे समय तक सुनाया ही न जाए, तो यह न्यायिक प्रक्रिया स्वयं दंड में बदल जाती है। अदालत का यह अवलोकन भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पहली बार सर्वोच्च स्तर पर इस स्पष्टता के साथ कहा गया कि न्यायिक देरी केवल प्रशासनिक समस्या नहीं बल्कि मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का विषय है। साथियों, सुप्रीम कोर्ट के सामने आया मामला अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े चार दोषियों की याचिका से संबंधित था। इन लोगों की आपराधिक अपील झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2022 से लंबित थी, लेकिन फैसला नहीं सुनाया गया था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि चार वर्षों तक न्याय की प्रतीक्षा करवाना संविधान की भावना के खिलाफ है। अदालत ने इस तर्क को गंभीरता से स्वीकार किया और कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का उद्देश्य व्यक्ति को राहत देना है, न कि उसे अंतहीन प्रतीक्षा में डाल देना। इसी संदर्भ में नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाईकोर्ट्स से रिपोर्ट भी मांगी थी, जिसमें यह जानकारी देने को कहा गया था कि किन मामलों में फैसला कब सुरक्षित रखा गया, कब सुनाया गया और वेबसाइट पर कब अपलोड किया गया। साथियों इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कुल 12 व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए,जिनका उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। अदालत ने विशेष रूप से जमानत मामलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया। पीठ ने कहा कि नियमित जमानत और अग्रिम जमानत जैसे मामलों में आदेश उसी दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। यदि किसी कारणवश आदेश सुरक्षित रखा जाता है, तो उसे अगले दिन तक अवश्य जारी करना होगा। अदालत ने यह भी कहा कि जमानत आदेश की सूचना तत्काल जेल प्रशासन तक पहुंचाई जाए ताकि आरोपी या दोषी व्यक्ति को उसी दिन अथवा अगले दिन रिहा किया जा सके, बशर्ते वह किसी अन्य मामले में वांछित न हो। यह निर्देश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में अनेक मामलों में जमानत मिलने के बावजूद कैदी कई दिनों तक जेल में बंद रहते हैं, केवल इसलिए कि आदेश की प्रति समय पर जेल तक नहीं पहुंचती।सुप्रीम कोर्ट ने आपराधिक मामलों और विशेषकर मृत्युदंड से जुड़े मामलों के लिए भी अलग दिशा-निर्देश तय किए। अदालत ने कहा कि यदि मामला गंभीर आपराधिक प्रकृति का है और आरोपी जेल में है, तो फैसला सुरक्षित रखने के सात दिनों के भीतर दोनों पक्षों से स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है। लेकिन अन्य मामलों में एक महीने के बाद अतिरिक्त दलीलें या स्पष्टीकरण मांगने की अनुमति नहीं होगी। यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई ताकि न्यायिक प्रक्रिया अनिश्चितकाल तक लंबित न रहे और फैसले देने में सटीकता से कृत्रिम देरी समाप्त हो। साथियों अदालत ने तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों पर भी जोर दिया। अब हर महीने हाईकोर्ट की वेबसाइट से स्वतः ई-मेल मुख्य न्यायाधीश को भेजा जाएगा, जिसमें उन मामलों की सूची होगी जिनमें फैसला सुरक्षित रखा गया है। इसकी प्रति संबंधित बेंच को भी भेजी जाएगी। यदि किसी मामले का केवल ऑपरेटिव भाग सुनाया गया हो और 15 दिनों तक विस्तृत फैसला अपलोड न किया जाए, तो रजिस्ट्रार जनरल को मुख्य न्यायाधीश को इसकी सूचना देनी होगी।इसके अतिरिक्त, यदि तीन महीने बीत जाने के बाद भी फैसला नहीं सुनाया जाता है, तो कोई भी पक्षकार अदालत से आदेश सुनाने का अनुरोध कर सकेगा और ऐसे आवेदन पर दो दिनों के भीतर सुनवाई करनी होगी।सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रकार का प्लान-बी भी निर्धारित किया है। यदि फैसला तीन महीने और अतिरिक्त एक महीने यानी कुल चार महीने तक भी नहीं आता है, तो पक्षकार संबंधितहाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध कर सकता है कि मामला दूसरी बेंच को स्थानांतरित किया जाए। यह निर्देश न्यायिक इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अनिश्चितकाल तक फैसला सुरक्षित रखना स्वीकार्य नहीं होगा। इससे न्यायाधीशों की जवाबदेही भी तय होगी और मामलों के लंबित रहने की समस्या पर सटिका से अंकुश लग सकेगा। साथियों अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि फैसले की प्रमाणित प्रति में तीन तिथियां स्पष्ट रूप से लिखी जाएं फैसला सुरक्षित रखने की तारीख, फैसला सुनाने की तारीख और वेबसाइट पर अपलोड करने की तारीख। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर भी यह जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहेगी। इससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और वकीलों तथा पक्षकारों को अपने मामलों की वास्तविक स्थिति का पता चलता रहेगा। साथ ही, फैसला अपलोड होते ही संबंधित पक्षों और उनके वकीलों को ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजना भी अनिवार्य किया गया है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी ने पूरे मामले को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने कभी भी किसी मामले को लंबे समय तक रिजर्व नहीं रखा और हमेशा तीन महीने के भीतर फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि न्याय की कीमत पर देरी को जारी रहने नहीं दिया जा सकता। यह टिप्पणी केवल व्यक्तिगत अनुभव नहीं, बल्कि न्यायिक कार्यसंस्कृति के लिए एक नैतिक संदेश भी है कि न्यायाधीशों की प्राथमिक जिम्मेदारी समय पर निर्णय देना है। साथियों, इस पूरे फैसले का संवैधानिक आधार भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान केअनुच्छेद 142 के अंतर्गत प्राप्त विशेष शक्तियों का उपयोग करते हुए ये दिशा-निर्देश जारी किए। अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष आदेश पारित करने की शक्ति देता है। जब सामान्य कानून या प्रक्रियाएं न्याय दिलाने में अपर्याप्त साबित हों, तब सुप्रीम कोर्ट इस अनुच्छेद के तहत व्यापक निर्देश जारी कर सकता है। यही कारण है कि यह फैसला केवल एक केस तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश की न्यायिक प्रणाली के लिए बाध्यकारी मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में देखा जा रहा है।भारत में लंबित मामलों की भयावह स्थिति को देखते हुए यह फैसला और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में 92 हजार से अधिक मामले लंबित हैं, जबकि देशभर की अदालतों में 5.49 करोड़ से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। हाईकोर्ट्स में ही 63 लाख से अधिक मामले लंबित बताए गए हैं। कोविड-19 महामारी के बाद ई-फाइलिंग बढ़ने से मामलों की संख्या और तेजी से बढ़ी है। ऐसे में केवल नए जजों की नियुक्ति या अदालतों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि न्यायिक कार्यप्रणाली को अधिक कुशल और समयबद्ध बनाना भी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के ये निर्देश इसी व्यापक सुधार प्रक्रिया की शुरुआत माने जा रहे हैं। साथियों न्यायिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला भारतीय न्यायपालिका में प्रोसीजरल अकाउंटेबिलिटी का नया मॉडल स्थापित कर सकता है। अब न्यायालयों पर केवल निर्णय देने का नहीं, बल्कि समय पर निर्णय देने का भी दबाव होगा। इससे आम नागरिकों का न्यायपालिका पर भरोसा मजबूत होगा, क्योंकि न्याय की वास्तविक शक्ति तभी सिद्ध होती है जब वह समय पर उपलब्ध हो।

-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

# दुर्घटना पीड़ितों के जीवन की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

-कांतिलाल मांडोत

देश में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में घायल होते हैं और हजारों लोग समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। कई मामलों में हादसे के बाद घायल व्यक्ति लंबे समय तक सड़क पर तड़पता रहता है क्योंकि आसपास मौजूद लोग पुलिस पूछताछ या कानूनी झंझट के डर से मदद करने से बचते हैं। कई बार एम्बुलेंस देर से पहुंचती है और अस्पतालों में समुचित ट्रॉमा सुविधा उपलब्ध नहीं होती। ऐसी गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब सख्त रुख अपनाया है और सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को ट्रॉमा केयर व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने साफ कहा है कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल इलाज उपलब्ध कराना नागरिकों के मौलिक अधिकार से जुड़ा विषय है और इसे किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिया गया यह फैसला देश की स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था में बड़ा बदलाव ला सकता है। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक नागरिक को जीवन और गरिमा के साथ जीने का अधिकार मिला हुआ है और समय पर चिकित्सा सुविधा इस अधिकार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को तुरंत उपचार नहीं मिलता तो यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल नीति बनाने से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी स्तर पर उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद शुरुआती समय जिसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान सही इलाज मिल जाए तो घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। लेकिन देश के कई हिस्सों में दुर्घटना के बाद अस्पताल पहुंचने में काफी समय लग जाता है। कहीं एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंचती तो कहीं ट्रॉमा सेंटर दूर होने के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देता है। अदालत ने माना कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसमें तत्काल सुधार की जरूरत है। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि अलग अलग इमरजेंसी नंबरों के बजाय पूरे देश में एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 112 को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। अभी कई जगह 100 101 102 108 1033 और 1091 जैसे अलग अलग नंबर मौजूद हैं जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रहती है। अदालत का मानना है कि एक ही हेल्पलाइन नंबर होने से आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और मदद जल्दी मिल सकेगी। राज्यों को इसके लिए तीन महीने की समय सीमा दी गई है। अदालत ने केवल हेल्पलाइन व्यवस्था तक ही अपने निर्देश सीमित नहीं रखे बल्कि ट्रॉमा केयर के पूरे ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। कोर्ट ने कहा कि केवल नेशनल हाईवे पर ही नहीं बल्कि स्टेट हाईवे प्रमुख जिला सड़कों शहरी और अर्ध शहरी क्षेत्रों में भी ट्रॉमा सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इसके लिए अस्पतालों को पहले से चिह्नित किया जाए ताकि दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी सक्षम अस्पताल पहुंचाया जा सके। इससे इलाज में देरी कम होगी और जान बचाने की संभावना बढ़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मददगार लोगों की सुरक्षा को भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना है। अदालत ने कहा कि कई बार लोग घायल व्यक्ति की सहायता इसलिए नहीं करते क्योंकि उन्हें पुलिस की पूछताछ गवाह बनने या कानूनी परेशानियों का डर रहता है। इस डर के कारण कई लोग चाहकर भी मदद नहीं कर पाते। अदालत ने राज्यों को निर्देश दिया कि गुड समेरिटन यानी नेक मददगार कानूनों को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए और ऐसा माहौल बनाया जाए जिसमें लोग बिना किसी भय के आगे आकर घायलों की मदद कर सकें। अदालत ने राज्य और जिला स्तर पर शिकायत निवारण तंत्र बनाने को भी कहा है ताकि यदि किसी मददगार को परेशान किया जाए तो उसकी शिकायत तुरंत सुनी जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की कई योजनाओं और नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कागजों पर अच्छी व्यवस्था मौजूद है लेकिन राज्यों में उनका सही तरीके से पालन नहीं हो रहा। अदालत ने प्रधानमंत्री राहत योजना राह वीर योजना राष्ट्रीय एम्बुलेंस संहिता और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनके बावजूद जमीन पर स्थिति संतोषजनक नहीं है। कहीं एम्बुलेंस में जरूरी उपकरण नहीं हैं तो कहीं ट्रॉमा सेंटरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। यही कारण है कि पूरे देश में एक समान और जवाबदेह व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। अदालत ने एम्बुलेंस सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सभी एम्बुलेंस में जीपीएस ट्रैकिंग रियल टाइम मॉनिटरिंग हेल्पलाइन 112 से सीधा जुड़ाव और आवश्यक चिकित्सा उपकरण अनिवार्य रूप से होने चाहिए। इसके साथ ही प्रतिक्रिया समय का नियमित ऑडिट किया जाए ताकि यह पता लगाया जा सके कि एम्बुलेंस कितनी तेजी से घटनास्थल तक पहुंच रही हैं। अदालत का मानना है कि तकनीक का बेहतर उपयोग करके आपातकालीन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। ट्रॉमा रजिस्ट्रियों के निर्माण पर भी सुप्रीम कोर्ट ने विशेष ध्यान दिया है। अदालत ने स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह ट्रॉमा मामलों के डेटा संग्रहण के लिए दिशा निर्देश जारी करे। इसके बाद सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपनी ट्रॉमा रजिस्ट्रियां स्थापित करनी होंगी। इससे यह जानकारी उपलब्ध होगी कि किन क्षेत्रों में सबसे अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं और किन स्थानों पर ट्रॉमा सुविधाओं की कमी है। इस डेटा के आधार पर भविष्य की नीतियां अधिक प्रभावी बनाई जा सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकद रहित उपचार व्यवस्था लागू करने पर भी जोर दिया है। अदालत ने कहा कि कई बार गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अस्पताल का खर्च तुरंत नहीं उठा पाते जिससे इलाज में देरी होती है। इसलिए पीएम राहत जैसी नकद रहित उपचार योजनाओं को सभी राज्यों में लागू किया जाए ताकि दुर्घटना के बाद बिना पैसों की चिंता किए तुरंत इलाज शुरू हो सके। राज्यों को अस्पतालों और भुगतान प्रबंधन प्रणाली को भी तय करने का निर्देश दिया गया है। यह फैसला केवल कानूनी आदेश नहीं बल्कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश भी है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि सड़क सुरक्षा केवल ट्रैफिक नियमों तक सीमित विषय नहीं है बल्कि दुर्घटना के बाद जीवन बचाने की जिम्मेदारी भी सरकारों की है। यदि समय पर एम्बुलेंस अस्पताल और प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारी उपलब्ध हों तो हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है। भारत जैसे विशाल देश में जहां हर दिन हजारों सड़क दुर्घटनाएं होती हैं वहां ट्रॉमा केयर व्यवस्था का मजबूत होना बेहद जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टों में भी यह बात सामने आ चुकी है कि दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे के भीतर इलाज मिलने पर मृत्यु दर में बड़ी कमी लाई जा सकती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आम लोगों के जीवन की सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। अब सबसे बड़ी चुनौती इन निर्देशों को जमीन पर लागू करने की होगी। राज्यों को स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। ट्रॉमा सेंटरों की संख्या बढ़ानी होगी और एम्बुलेंस नेटवर्क को आधुनिक बनाना होगा। साथ ही लोगों में जागरूकता फैलानी होगी कि दुर्घटना पीड़ित की मदद करना सामाजिक जिम्मेदारी है और कानून उनकी सुरक्षा करता है। यदि सरकारें अदालत के निर्देशों का गंभीरता से पालन करती हैं तो आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# आईपीएल 26 का खिताब आरसीबी के नाम लेकिन भव सूर्यवंशी की शानदार बल्लेबाजी

आईपीएल के 2926 के मैच में बिहार के एक 15 वर्ष के लड़के वैभव सूर्यवंशी राजस्थान रॉयल का नाम बैटिंग में चर्चा में है निश्चित रूप अभी तक के क्रिकेट इतिहास में पहली बार इतने कम उम्र के खिलाड़ी ने जाने माने वेस्टइंडीज के ओपनर बल्लेबाज क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी की है जो उनके हुनर और मेहनत को दर्शाता है यह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और उन्होंने जनवरी 2024 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया। वह भारत के सबसे कम उम्र के लिस्ट ए क्रिकेट में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी हैं, और आईपीएल में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी भी हैं उन्होंने चार वर्ष की आयु में क्रिकेट खेलना शुरू किया। प्रारंभ में उन्हें उनके पिता ने प्रशिक्षित किया, और बाद में नौ वर्ष की आयु में उन्होंने समस्तीपुर की एक क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण लेना शुरू किया। सूर्यवंशी का संबंध मुजफ्फरपुर जिला से भी गहरा रहा है, जहाँ उन्होंने एक इनडोर स्टेडियम में अभ्यास किया और अपने एक रिश्तेदार के घर पर रहते थे।सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में बिहार की ओर से मुंबई के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया, उस समय उनकी आयु 12 वर्ष और 284 दिन थी। इस उपलब्धि के साथ वे बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी और भारत के चौथे सबसे कम उम्र के प्रथम श्रेणी क्रिकेटर बने। उन्होंने युवराज सिंह ( 15 वर्ष 57 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जबकि अलीमुद्दीन का रिकॉर्ड अब भी कायम है, जिन्होंने 1942-43 सीज़न में राजपुताना की ओर से 12 वर्ष और 73 दिन की आयु में पदार्पण किया था।लेकिन जब हम लोग अपने समय 1985 के दौर में खेला करते थे तो वहाँ भी उस समय नए अच्छे क्रिकेटर भी खेला करते थे मुझे याद है कि हम लोग अपने नानी घर नयागांव में खाना खाने के बाद आम के पेड़ के निचे क्रिकेट खेलते थे वहाँ भी ग्राउंड था लेकिन उसमें बहुत अच्छा खेल सिर्फ मनोरंजन के लिए हुआ करता था कुछ वहाँ के लोग देखते और शाबाशी देते थे उस समय ना हेलमेट था ना सही मजबूत जूता और पैड बस काम चल जाता था लेकिन क्रिकेट में बैटिंग और बॉलिंग दोनों करना सभी पसन्द करते थे भले ही स्पिन हो जो ऊपर क्रम के बल्लेबाज होते वो ज्यादातर स्पिन बॉलिंग ही करते ताकि थकान कम हो दरअसल क्रिकेट में दो मुख्य बैटिंग और बॉलिंग और बारी-बारी से होने वाली विधाएँ हैं, जिनमें बैटिंग करने वाली टीम के खिलाड़ी रन बनाने की कोशिश करते हैं, और फील्डिंग करने वाली टीम के बॉलर गेंद को इस तरह फेंकने की कोशिश करते हैं कि बैटर आउट हो जाएँ या रन बनाने से रुक जाएँ हालांकि विकेटकीपिंग भी बहुत अच्छा होता है क्योंकि हमसे अगर पूछिए तो सबसे मेहनत का काम विकेटकीपिंग का होता है नयागांव से हमलोग छपरा के मैदान से एक अच्छी टीम के साथ खेलने निकलें रात भर खूब प्रैक्टिस किया और 5 बजे सुबह की ट्रेन से 2घंटे में छपरा पहुँच गए वहाँ भी टीम तैयार थी मैदान में बहुत से लोग मैच देखने आए थे हमारी टीम टॉस हार गई और पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया मेरे भाईसाहब और उनके दोस्त ने ओपनिंग की उस समय हम लोगों ने गलब्स पैड बॉल अच्छे क्वालिटी के लिए थे और एक हार्ड प्लास्टिक के कैप को अंदर डालते थे शुरुआत में एक तेज गेंदबाज ने पहली ही बॉल पर बोल्ड कर दिया और उस ओवर में मात्र 3 रन ही बना दूसरे ओवर में एक और विकेट रन आउट हो गया और 5 रन बने फिर 3 ओवर में 1और कैच आउट ठीक बाउंड्री लाइन पर हुआ 5 ओवर में तीन विकेट पर 14 रन था जैसे ही 30 रन पर एक स्टंप आउट हुआ मुझे मौका मिला खेलने का और पहली ओवर में एक कट मारा जो बाउंड्री लाइन पर रोका गया मैं लेफ्ट हैंड से बैटिंग करता था फिर हमने देखा बॉल में बहुत गति है तो छोड़ दिया और कभी वाइड तो कभी विकेटकीपर से छूटता और 4 रन बाई में मिल जाता था फिर एक बॉल आया और गलती से टच हुआ और कैच हुआ इसतरह 30 ओवर के मैच में कुल 102 रन बने दूसरी टीम को बल्लेबाजी के लिए उतरा तो उसके भी विकेट गिरते कभी स्कोर बढ़ता रहा एक समय 94 रन पर 6 विकेट था तो ऐसा लग रहा था मैच हाथ से निकल गया लेकिन हारते देख मुझे बोलिंग दिया और मेरे एक ओवर में दो फूल



टॉस बॉल पर दो कैच हुआ और उस ओवर में मात्र 4 रन मिला अब दवाब बैट्समैन पर आया और 8 विकेट गिर चूंके थे अब जीत के लिए 4 रन की जरुरत थी तभी दूसरे गेंदबाज ने तेज बॉल की और एक और विकेट गिरा जो विकेटकीपर के हाथों कैच हुआ और अंतिम बल्लेबाज मात्र एक रन पर एलबीडब्लू आउट हुआ मैच 1 रन से जीत गया फिर वहाँ के विधायक ने ट्राफी दि उस दिन इतना थकने के बावजूद नींद नहीं आया बाद में पटना सिटी कॉलेज में एक ग्राउंड था वहाँ हमलोग दोस्तों के साथ मिलकर खेला करते और मेरी आदत थी बॉल को स्वीप करना कभी शून्य पर आउट कभी 50 रन के ऊपर बन जाता था एक बार पटना के मोनुलहड़ स्टेडियम में रेलवे और सहकारी विभाग बिहार सरकार ने एक टीम बना कर मैच कराया था जिसमें कपिलदेव, अमरनाथ, सबाकरीम, मनिंदर सिंह जैसे खिलाड़ियों ने भाग लिया जो 4 दिन तक चली और मैं वहाँ पहली बार स्टेडियम में मैच देखने गया वह समय था 1987 के विश्वकप से पहले का और मेरे सामने मनिंदर सिंह दिखे और ऑटोग्राफ लिया वहाँ और टीवी में मैच देखने का मजा अलग था बाद में जब 1991 के आसपास टेनिस बॉल का जमाना आया तो खुब मजा आया उसमें छोटे बच्चे से लेकर बड़े सभी खेलते थे मेरी बैटिंग काफी प्रैक्टिस के बाद सुधार हुआ और जब आप प्रैक्टिस करते हैं तो समझ में आता है किसे मारना है टप्पा खा कर कहाँ गिर सकती है और कैसे मारना है हमने एक बात गौर की कि उस समय यदि आईपीएल होता तो कुछ लोग को अवसर मिल सकता था क्योंकि वो सुबह से शाम तक ग्राउंड पर ही समय निकाल देते थे उस समय 1987 के वर्ल्ड कप में ब्लैक एंड वाइट टीवी पर देखने का अलग मजा था गांव में पोर्टबल टीवी होती और बिजली रहे ना रहे कार बैटरी से मैच देख लेते थे अब नए जमाने में क्रिकेट खेल और फैशन दोनों हो गया है लेकिन उस समय क्रिकेट एक खेल था जब 1987 में इंग्लैंड और इंडिया का सेमीफइनल हुआ तो इंडिया जीतते जीतते रह गया 251 रन का टारगेट था और इंडियन बल्लेबाज कभी आउट होते कभी टिके रहते सारी उम्मीद कपिलदेव पर टिकी थी लेकिन 35 रन बनाकर जैसे ही आउट हुए विकेट गिरना चालू हो गया और टीम कुछ रनो के अंतर से हार गई सब जगह मायूसी था सुबह निकला तो कोई चेतन शर्मा की बैटिंग पर अफसोस कर रहा था तो कोई किरण मोरे तो कोई कपिलदेव पर और पुरी दिन यही चर्चा चली उस समय हमलोग पटना के मंगल तालाब और सिटी स्कूल के ग्राउंड में मैच खेलते थे अच्छा मैच होता उस समय बल्ला भी मामलू होता और गेंद भी काफी हार्ड होता था अगर गलती से लगा तो सर फट जाएगा मुझे अच्छा बल्ला खरीदने का मन तो बहुत था लेकिन पैसे की कमी से वो लकड़ी वाला ही चल जाता था बाद में मेरे मामा ने जो कोलकत्ता में रहते थे उन्हें भी क्रिकेट में रूचि थी एक कायदे का बैट खरीदा था कड़ी मेहनत, अभ्यास और बल्लेबाज़ के खिलाफ़ कैसे खेलना है, इसके लिए थोड़ी समझदारी—ये सब ज़रूरी हैं। बिना अभ्यास के आप लाइन और लेंथ पर महारत हासिल नहीं कर पाएँगे, जो बल्लेबाज़ को हराने की कुंजी है। क्रिकेट में आपकी लाइन और लेंथ की बुनियादी बातें सही होनी चाहिए। गेंद में एक लूप (घुमाव) होना चाहिए। यह लूप—जिसे हम पहले फ़्लाइट कहते थे—लगातार बना रहना चाहिए। समय के साथ, आप इस लूप को बढ़ाते हैं और इसे अपने हिसाब से ढालते हैं। आप पहले बल्लेबाज़ को एक जगह पर रोकते हैं और फिर अपना जाल बिछाते हैं—और वह धीरे-धीरे उसमें फँस जाता है। लेकिन ये बातें इतनी आसानी से नहीं सीखी जातीं। शीर्ष स्तर तक पहुँचने के लिए सालों-साल की मेहनत लगती है। लाइन, लेंथ और नियंत्रण केवल बहुत ज़्यादा कड़ी मेहनत और अभ्यास से ही हासिल किया जा सकता है। कोई भी आपको यह सिखा नहीं सकता। आईपीएल के 2026 के मैच में रॉयल चैलेंजर बगलौर जीती तो जरूर है लेकिन गुजरात टाइटन ने कुछ धीमा खेला और रन ज्यादा बना ही नहीं पायी क्योंकि गुजरात टाइटन ने मात्र 154 रन का स्कोर किया जो 20-20 के क्रिकेट में मामूली स्कोर होता है राशिद खान को बाद में लाया गया अगर 2 सरें या तीसरे ओवर में लाते तो 1-2 विकेट जब उस समय गिरते तो दबाब होता और बाद में रोमांचक हो सकता था क्योंकि यह पिच में स्पिन था लेकिन जीत तो जीत है विराट कोहली ने शानदार पारी खेली बाद में मैच एक तरफा हो गया चलो कोई भी जीते टीम तो इंडिया के राज्यों के नाम पर है इसलिए इसमें मनोरंजन हुआ. आर सी बी को जीत की बधाई व शुभकामनायें।

-कांतिलाल मांडोत

## बेंगलुरु को दोबारा चैंपियन बनाने वाले टॉप-5 फैक्टर

# RCB में 8 मैच विनर खिलाड़ी, कोहली के 675 रन , भुवनेश्वर ने झटके 28 विकेट

नई दिल्ली,एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल तक ट्रॉफी का इंतजार करने के बाद अब लगातार दो खिताब जीत लिए है। बेंगलुरु ने देर रात फाइनल में गुजरात को 5 विकेट से हराकर आईपीएल 2026 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

मप्र के कप्तान रजत पाटीदार लगातार दो आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले सिर्फ तीसरे कप्तान बने। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी (2009, 2010) और रोहित शर्मा (2019, 2020) ही ऐसा कर पाए थे। बेंगलुरु की सफलता की सबसे बड़ी वजह यह रही कि टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही। बल्लेबाजी में विराट कोहली, रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ने रन बनाए। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलामऔर जोश हेजलवुड ने जिम्मेदारी संभाली। टीम के 8 अलग-अलग खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मैच भी बने।



### टॉप ऑर्डर ने मिलकर दबाव नहीं बनने दिया

बैंगलुरु की बल्लेबाजी इस सीजन उसकी सबसे बड़ी ताकत रही। ओपनर विराट कोहली ने फाइनल में नाबाद 75 रन की पारी खेलकर टीम को चैंपियन बनाया। उन्होंने 16 मैचों में 675 रन बनाए। जिसमें एक शतक के साथ 5 अर्धशतक भी लगाए। कप्तान रजत पाटीदार ने 15 मैचों में 501 रन बनाए। वहीं देवदत्त पडिक्कल ने 464 रन बनाकर टॉप ऑर्डर को और मजबूत किया। इन तीनों बल्लेबाजों ने मिलकर 1640 रन बनाए। वहीं वेंकटेश अय्यर ने 6 इनिंग में 209 रन बनाए।

### भुवनेश्वर-हेजलवुड ने संभाली गेंदबाजी

बेंगलुरु की बॉलिंग यूनिट इस सीजन बेहद संतुलित नजर आई। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 16 मैचों में 28 विकेट लेकर टीम को लीड किया। इसके अलावा रसिख सलाम ने 12 मैचों में 19 विकेट, जोश हेजलवुड ने 13 मैचों में 15 विकेट, जैकब डफी और सुयश शर्मा ने 9 -9 विकेट लिए। क्रुणाल पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदार्शन करते हुए 226 रन बनाने के साथ 14 विकेट भी लिए।

### कोहली के लगातार चौथे सीजन 600 प्लस रन

विराट कोहली का शानदार फॉर्म बेंगलुरु की सफलता की सबसे बड़ी वजहों में शामिल रहा। उन्होंने लगातार चौथे सीजन 600 से ज्यादा रन बनाए। इससे भी खास बात यह रही कि पूरे सीजन टीम का ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदलता रहा, लेकिन कोहली ने अपनी लय बरकरार रखी। बड़े मैचों में उन्होंने पारी को संभाला, जबकि दूसरे बल्लेबाज अटैकिंग बैटिंग करते रहे।

### इस सीजन 8 खिलाड़ी बने प्लेयर ऑफ द मैच

किसी भी चैंपियन टीम की पहचान उसके मैच विनर्स खिलाड़ी होते हैं। इस सीजन बेंगलुरु टीम के 8 अलग-अलग खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मैच बने। विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 3 बार यह अवॉर्ड जीता। जोश हेजलवुड 2 बार और टिम डेविड, जैकब डफी, वेंकटेश अय्यर, भुवनेश्वर कुमार, रजत पाटीदार और फिल सॉल्ट भी एक-एक बार प्लेयर ऑफ द मैच बने। यानी टीम की जीत सिर्फ कोहली या पाटीदार पर निर्भर नहीं रही।

### होमग्राउंड में 86% मैच जीते

बेंगलुरु ने इस सीजन अपने घरेलू मैदान को किला बना दिया। टीम ने होम ग्राउंड पर खेले 7 में से 6 मुकाबले जीते और जीत प्रतिशत 86 रहा। बेंगलुरु ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के अलावा रायपुर को भी अपने घरेलू मैदान के तौर पर इस्तेमाल किया और दोनों जगह शानदार प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि टीम पूरे सीजन कभी लगातार दो से ज्यादा मैच नहीं हारी। बेंगलुरु ने अपने घर में हैदराबाद, चेन्नई, लखनऊ और गुजरात जैसी मजबूत टीमों को हराया।

### खिताबी जीत के बाद मनाया जश्न

आईपीएल खिताब जीतने के बाद बेंगलुरु के खेमे में जश्न का माहौल देखने को मिला। विराट कोहली ने डांस फ्लोर पर अपने अंदाज से फैन्स का दिल जीत लिया। बेंगलुरु द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ सेलिब्रेशन पार्टी में जमकर डांस करते नजर आए। वही कप्तान रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक भी डांस करते हुए नजर आए।

## आईपीएल 2026 का सत्र इन पांच कारणों से हमेशा याद रखा जाएगा

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का सत्र रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के साथ ही समाप्त हो गया है। इस मैच में कई नये रिकार्ड बने और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार बल्लेबाजी के साथ ही आईपीएल का ये सत्र इन पांच कारणों से हमेशा याद रखा जाएगा।

इस सीजन की सबसे बड़ी खोजों में से एक रहे रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव। जिनकी अद्भुत बल्लेबाजी ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वैभव ने 16 मैचों में 48 की प्रभावशाली औसत और 237 के धमाकेदार स्ट्राइक रेट से कुल 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप पर कब्जा किया। वह इस सम्मान को हासिल करने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए।

आरसीबी की खिताबी जीत में विराट कोहली का प्रभाव भी देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ विराट कोहली ने 42 गेंदों में 75 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें उन्होंने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर एक शानदार छक्का लगाकर अपनी टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया। भारतीय टीम के लिए कई बार फिनिशर की भूमिका निभाने वाले कोहली ने आईपीएल में आरसीबी के लिए यह कारनामा पहली बार करके दिखाया। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी का लगातार दूसरी बार सफलतापूर्वक खिताब का बचाव करना बड़ी उपलब्धि रही,




क्योंकि मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद वह इस लीग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली सिर्फ तीसरी टीम बनी है।

शानदार शुरुआत के बाद भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी पंजाब किंग्स की टीम ने ग्रुप स्तर पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल कर एक बडा रिकार्ड अपने नाम किया। पंजाब किंग्स ने ये लक्ष्य केवल 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया था। इस सत्र में कई अन्य रिकार्ड भी बने। आईपीएल 2026 में रनों का अंबार लगा, जिसमें कुल 27,450 रन बने, जो अब तक के आईपीएल सत्र में सर्वाधिक हैं। बल्लेबाजों ने जमकर चौके और छक्के लगाये। कुल 2,332 चौके और 1,426 छक्के लगाए गए। इसके अतिरिक्त, इस सत्र में सबसे अधिक 17 बार 200 से अधिक रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया।

## होटल लौटते समय गुजरात टाइटंस की बस में लगी आग, बाल-बाल बचे खिलाड़ी

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के लिए रविवार का दिन अच्छा नहीं रहा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के खिताबी मुकाबले में हार के बाद उनकी टीम बस जब होटल लौट रही थी तो उसमें आग लग गयी हालांकि राहत की बात ये रही कि किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार स्टेडियम से होटल लौटते समय शॉर्ट सर्किट के कारण बस में आग लगने की ये घटना हुई।

बस में लगी आग के कारण खिलाड़ियों को लगभग एक घंटे तक बस में फंसे रहना पड़ा, जिससे कुछ समय के लिए सभी चिन्तित हो गये हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और सभी खिलाड़ियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई भी गंभीर चोट या जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। हार के बाद बस में लगी आग से खिलाड़ी और परेशान हो गये। इससे पहले टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के हाथों मैच में पांच विकेट से हार झेलनी पड़ी। गुजरात टाइटंस के पास अपने घरेलू मैदान पर दूसरी बार खिताब जीतने का अवसर था पर ये मौका उसके हाथ से निकल गया।

मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की टीम निर्धारित ओवरों में सिर्फ 155 रन ही बना पाई। टीम के मुख्य बल्लेबाज शुभमन गिल और साई सुदर्शन भी रन बनाने में विफल रहे।

## संगकारा को उम्मीद वैभव को जल्द मिलेगी भारतीय टीम में जगह

मोहाली। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए उम्मीद जतायी है कि उसे शीघ्र ही भारतीय टीम में जगह मिलेगी। संगकारा के अनुसार वैभव ने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया है कि वह भारतीय टीम में शामिल किये जाने के योग्य होने के साथ इसके लिए तैयार भी है। है। वैभव के लिए आईपीएल 2026 सत्र काफी अच्छा रहा और उसने 700 से अधिक रन बनाये। 115 साल के वैभव ने अपनी आक्रामक शैली से कई बड़े रिकॉर्डस तोड़ दिये, जिससे क्रिकेट जगत में सभी हैरान हैं। संगकारा ने वैभव की क्षमताओं को लेकर कहा, वैभव ने इस सत्र में दुनिया के कुछ बड़े तेज गेंदबाजों के खिलाफ जो प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि वह हमारी तरफ से दी जाने वाली किसी भी चुनौती को लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुझे भरोस है कि उन्हें बहुत, बहुत जल्द नेशनल टीम में बुलावा आएगा। उन्होंने वैभव की परिपक्वता की भी सराहना की, जिन्होंने इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए सलामी साझेदारी की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। संगकारा ने इस युवा खिलाड़ी की ज़बरदस्त तरक्की का श्रेय खेल के प्रति उनके सकारात्मक नज़रिए और क्रिकेट की गहरी समझ को दिया।

## आरसीबी की जीत के जश्न के बीच ही बोले शिवकुमार, बेंगलुरु में होना चाहिये था फाइनल

बेंगलुरु। कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लगातार दूसरी बार आईपीएल में खिताबी जीत के जश्न के बीच ही कहा कि फाइनल मुकाबला बेंगुलरु में होना चाहिये था। शिवकुमार ने कहा कि आईपीएल फाइनल जिस प्रकार से अहमदाबाद में कराया गया है। उससे बेंगलुरु के करोड़ों प्रशंसकों के साथ अन्याय हुआ है।

आरसीबी की जीत के बाद कर्नाटक, विशेषकर बेंगलुरु में जश्न का माहौल रहाहै। हजारों प्रशंसकों ने सड़कों पर उतरकर अपनी टीम की जीत के जश्न मनाया। ये प्रशंसका आतिशबाजी कर रहे थे। ढोल-नगाड़ों के साथ झूम रहे थे। इसी दौरान शिवकुमार ने फाइनल के आयोजन स्थल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, आरसीबी का मैच बेंगलुरु में होना चाहिए था। हमारे साथ गलत हुआ है। राजनीति की वजह से मैच किसी और जगह आयोजित किया गया। मैं इस मुद्दे पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता पर हमारे साथ अन्याय हुआ है।

शिवकुमार का तर्क था कि यदि फाइनल मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित होता, तो लाखों स्थानीय प्रशंसकों को अपनी प्रिय टीम को खिताब जीतते हुए देखने का अविस्मरणीय अवसर मिलता। उनका मानना है कि आरसीबी और बेंगलुरु का रिश्ता बेहद खास है और टीम की सबसे बड़ी ताकत उसके घरेलू प्रशंसक हैं। हालांकि उन्होंने किसी राजनीतिक दल या संस्था का सीधा नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान ने क्रिकेट और राजनीतिक दोनों हलकों में हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा बहस का केंद्र बन गया है, जहां कई प्रशंसक शिवकुमार की भावनाओं से सहमत दिख रहे हैं और उन्हें लगता है कि घरेलू मैदान पर फाइनल न हो पाना सचमुच अन्याय था।

## आरसीबी में शामिल कई खिलाड़ियों ने जीती हैं विराट से कहीं अधिक आईपीएल ट्रॉफियां

मुम्बई । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लगातार दूसरे सत्र में जीत के साथ ही इसके पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली जश्न मना रहे हैं क्योंकि उनकी खिताब जीतने की इच्छा दूसरी बार पूरी हुई है। लगातार दो आईपीएल ट्रॉफियां जीतने के बाद भी विराट इस मामले में अपनी ही टीम के कई खिलाड़ियों से पीछे हैं। उनकी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिनके नाम विराट से कही अधिक आईपीएल ट्रॉफी हैं। टीम में शामिल एक खिलाड़ी तो पांच बार आईपीएल चैंपियन रही टीम में शामिल रहा है।

आरसीबी में सबसे ज्यादा आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सुची में स्पिन ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या नंबर एक पर हैं। क्रुणाल कुल मिलाकर देखा जाये तो अभी कुल पांच बार आईपीएल खिताब विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। अपने नाम किया है। आरसीबी के साथ 2025 और 2026 में लगातार दो खिताब जीतने से पहले, क्रुणाल पांड्या मुंबई इंडियंस के साथ 2017, 2019 और 2020 में तीन बार विजेता रहे हैं। क्रुणाल के अलावा, तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार चार बार विजेता टीमों का हिस्सा रहे हैं। इसमें सनराइजर्स हैदराबाद 2016, डेक्कन चार्जर्स 2009, आरसीबी 2025, 2026, वहीं जोश हेजलवुड तीन बार विजेता टीम में शामिल रहे हैं। वहचेन्नई सुपर किंग्स 2021, आरसीबी 2025, 2026 जबकि टिम




डेविड मुंबई इंडियंस 2023, आरसीबी 2025, 2026 और युवा स्पिनर सुयश शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स 2024, आरसीबी 2025, 2026 सहित तीन बार विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं जबकि वहीं, विराट के अलावा रजत पाटीदार, फिल साल्ट, जितेश शर्मा और देवदत्त पडिक्कल जैसे कई अन्य प्रमुख खिलाड़ियों के नाम दो-दो आईपीएल खिताब हैं।

आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की बात करें तो क्रुणाल ने अपने पांचवें खिताब के साथ महेंद्र सिंह धोनी, कीरोन पोलार्ड और अपने भाई हार्दिक पांड्या की बराबरी कर ली है। इन सभी दिग्गजों के नाम अब पांच-पांच आईपीएल ट्रॉफियां हैं। हालांकि, इस रिकॉर्ड लिस्ट में सबसे ऊपर रोहित शर्मा और अंबाती रायडू हैं, जिन्होंने अपने करियर में छह-छह बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है।

## वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में जगह मिलना तय

### एशियन गेम्स में कर सकते हैं डेब्यू

अहमदाबाद । राजस्थान रॉयल्स की आर से धमाकदौर बल्लेबाजी करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में ऑरेंज कैप जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी को अब भारतीय टीम में जगह मिलना तय है। 15 साल की उम्र में ऑरेंज कैप जीतकर वैभव ने इतिहास रच दिया है। वह इतनी कम उम्र में ये उपलब्धि हासिल करने पहले खिलाड़ी हैं। वैभव ने इस सत्र में सर्वाधिक 776 रन बनाकर सभी का पीछे छोड़ दिया है। इसके बाद से ही इस बल्लेबाज के भारतीय टीम में चयन की मांग बढ़ गयी है और उम्मीद की जा रही है कि आगामी एशियन गेम्स के लिए उन्हें भारतीय टीम में जगह मिल सकती है।

वैभव आईपीएल 2026 के




फाइनल मैच में आईसीसी चेयरमैन और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व प्रमुख जय

शाह के साथ बैठे दिखे जिससे साफ संकेत मिल गये है कि उन्हें शाह का समर्थन है। ऐसे में उनको टीम में जगह मिलना तय दिख रहा है।

ये भी कहा जा रहा है कि वैभव के नाम की आधिकारिक घोषणा होने की ही देरी है। इस बल्लेबाज ने जिस प्रकार से दबाव के बीच भी निडर होकर खेला उससे चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना लगभग असंभव हो गया है। वह भारतीय क्रिकेट के भविष्य के सितारे माने जा रहे हैं। वैभव ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम को शानदार शुरुआत दी। उन्होंने कुल 5 अर्धशतक और 1 शतक लगाया, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट और रन बनाने की निरंतरता काबिले तारीफ रही। वैभव ने नॉकआउट स्तर पर विशेष रूप से अपना प्रभाव दिखाय, जहां वह लगातार दो मैचों में शतक के करीब पहुंचे पर मामूली अंतर से पूरा नहीं कर पाये। गए। उन्होंने अपनी टीम के लिए एलिमिनेटर और क्वालिफायर मैचों में दवाब के बीच ही 97 और 96 रनों की आक्रामक पारियां खेलीं हालांकि अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिलने से वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। अब देखना है कि इस चमकते सितारे को कब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अवसर मिलता है।

## आईपीएल 2026 में पिछले 18 साल के सभी रिकार्ड टूटे

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19 वां सत्र रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के साथ ही समाप्त हो गया। इस सत्र में खिलाड़ियों के साथ ही टीमों ने कई नये रिकार्ड बनाये। जिससे पिछले 18 साल के रिकार्ड टूट गये। आईपीएल 2026 में कुल 27,450 रन बने हैं। ये अब तक रनों के मामले में सबसे बड़ा आंकड़ा है। हैं। यह वहीं, गेंदबाजों के लिए यह सत्र बेहद खराब रहा। गेंदबाजों ने प्रति विकेट औसतन 31.26 रन दिये, जो कि अब तक का सबसे खराब औसत प्रदर्शन है। इस सत्र में रन प्रति ओवर भी 9.88 रहा, जो किसी भी आईपीएल सत्र में सबसे अधिक है और बताता है कि बल्लेबाजों ने किस गति से रन बटोरे।

इस सत्र में जमकर चौके और छक्के लगे। सत्र में कुल 2,332 चौके और 1,426 छक्के लगे, दोनों ही संख्याएं किसी भी अन्य सत्र से कहीं अधिक हैं। बल्लेबाजों के इस आक्रामक रुख का परिणाम था कि आईपीएल 2026 में 15 शतक लगे, ये आईपीएल के इतिहास में एक सत्र में बनाए गए सबसे ज्यादा व्यक्तिगत शतक हैं। टीमों ने भी बड़े स्कोर बनाने में कोई कमी नहीं रखी। इस सत्र में 200 या उससे अधिक के स्कोर कुल 65 बार बने, जो किसी भी पिछले सत्र से काफी ज्यादा हैं। इतना ही नहीं, 200 या उससे अधिक के लक्ष्य को 17 बार सफलतापूर्वक हासिल किय गया ये दिखात है कि ,कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं रहा।

वहीं व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें तो आईपीएल 2026 ने नया इतिहास बनाया है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक सत्र में सबसे ज्यादा 72 छक्के लगाये हैं। इससे पता चलता है कि वह कितने आक्रमक अंदाज में खेले। बल्लेबाजी यह पहली बार हुआ जब किसी आईपीएल सीजन में तीन बल्लेबाजों ने 700 से अधिक रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी, शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने यह इस बार 700 से अधिक रन बनाये हैं। इससे पहले अधिकतम दो बल्लेबाज ही इतने रन बना पाये थे। इस सत्र में इस प्रकार ऐसे रिकार्ड बने हैं जिन्हें आने वाले सत्र में तोड़ना किसी के लिए भी कठिन होगा।

## ऑरेंज कैप सहित कई अवार्ड जीतने वाले वैभव का लक्ष्य है टेस्ट क्रिकेट खेलना

मुम्बई । आईपीएल के 19 वें सत्र में 15 साल के उभरते हुए क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी छाये रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई रिकार्ड बनाने के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप भी हासिल की है। वैभन ने इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल करने के साथ ही कई रिकार्ड भी तोड़े। इसी कारण उन्हें ऑरेंज कैप के साथ-साथ ही मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन और सुपर सिक्सेज ऑफ द सीजन जैसे कुल 5 बड़े अवॉर्ड मिले हैं हालांकि वैभव ने इस दौरान कहा कि उनका लक्ष्य सभी प्रारुपों में खेलना है और वह केवल टी20 तक ही सीमित नहीं रहना चाहते हैं। अवॉर्ड समारोह के बाद वैभव ने अपने भविष्य की योजनाओं का खुलासा किया। जब उनसे उनकी योजनाओं को लेकर पूछा गया तो उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा जतायी और कहा कि वह लाल गेंद के प्रारुप के लिए गंभीरता से अभ्यास कर रहे हैं।

ये कहा जाता है कि वैभव एक आक्रामक बल्लेबाज हैं और वह वह सीमित ओवरों के प्रारुप के लिए ही ठीक है। इस धारणा को लेकर वैभव ने कहा, मेरा खेल स्वाभाविक तौर पर आक्रामक है, इसलिए हर किसी को लगता है कि मैं हर गेंद पर शॉट खेलने का प्रयास करता हूं पर मेरा लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट भी खेलना है। इसका कारण ये है कि मेरे पिता का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। वैभव ने कहा, मेरे पिता ने मुझसे हमेशा कहा है कि टेस्ट क्रिकेट ही इस खेल का सबसे शुद्ध रूप है। इस बात से साफ है कि वह केवल सफेद गेंद तक ही सीमित नहीं रहना चाहते हैं और टेस्ट प्रारुप में भी अपना प्रभाव दिखाना चाहते हैं और इसके लिए अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## ऑरेंज कैप सहित कई अवार्ड जीतने वाले वैभव का लक्ष्य है टेस्ट क्रिकेट खेलना

जोहांसबर्ग । दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर केप्लर वेसल्स के नाम एक ऐसा अनौखा रिकार्ड है जो किसी अन्य खिलाड़ी के नाम नहीं है। वेसल्स एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं तो 100 एकदिवसीय मैच खेलने के बाद भी कभी शून्य पर आउट नहीं हुए। एक एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम दर्ज है, जो 34 बार शून्य पर आउट हुए। इस सूची में शाहिद अफरीदी और महेला जयवर्धने जैसे कई बड़े खिलाड़ी भी शामिल हैं पर वेसल्स हमेशा ही नाबाद रहे।

साल 1983 से 1994 के बीच खेले गए अपने एकदिवसीय करियर में वेसल्स ने 109 मैचों में हिस्सा लिया और 105 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए कुल 3367 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने एक शानदार शतक और 26 अर्धशतक भी बनाये, जो उनकी निरंतरता और स्कोर करने की क्षमता का प्रमाण है। वेसल्स उस दौर में खेले, जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मैल्कम मार्शल, रिचर्ड हैडली, इमरान खान और कपिल देव जैसे कई घातक गेंदबाज खेलते थे। इन खतरनाक गेंदबाजों के बावजूद कोई भी इस बल्लेबाज को कभी शून्य पर आउट नहीं कर सका। यही रिकार्ड वेसल्स को बेहद खास बनाता है।

केप्लर वेसल्स का करियर सिर्फ इस अनूठे रिकॉर्ड के लिए ही नहीं, बल्कि कई अन्य कारणों से भी विशेष है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वेसल्स ने



रंगभेद नीति के कारण देश पर लगे प्रतिबंध के चलते अपने करियर की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के लिए की थी। उन्होंने 1982 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया और अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक लगाकर सबकों हैरान कर दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 24 टेस्ट मैच खेले और सलामी बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाई।

वहीं जब 1991 में दक्षिण अफ्रीका पर लगा प्रतिबंध हटा, तो वेसल्स अपने देश लौट आए और उन्हें नई दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने 1992 के विश्व कप में टीम का नेतृत्व किया और उन्हें सेमीफाइनल तक पहुँचाया। वह दोनों देशों के लिए टेस्ट शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी बने और दक्षिण अफ्रीका के पहले एकदिवसीय कप्तान के रूप में भी रिकार्ड बनाया। इस क्रिकेटर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 40 टेस्ट मैचों में 2788 रन बनाए, जिसमें 6 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। एकदिवसीय में 3367 रन के अलावा उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 24 हजार से ज्यादा रन और 66 शतक लगाये हैं। , जबकि लिस्ट-ए क्रिकेट में भी उनके नाम 12 हजार से अधिक रन दर्ज हैं।

